अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024
चैत्र शुक्ल-एकादशी
विक्रम संवत-2081

मिशन एकेडमी को हराकर विद्या वर्ल्ड की टीम ने कब्जाई ट्रॉफी

चैंपियन ट्रॉफी के साथ विद्या वर्ल्ड की टीम । स्रोत : स्कूल

बरेली। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित पंचम श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का बृहस्पतिवार को समापन हो गया। फाइनल मुकाबले में मिशन एकेडमी की टीम को आठ विकेट से हराकर विद्या वर्ल्ड की टीम ने ट्रॉफी अपने नाम की। असद को मैन ऑफ द टूर्नामेंट और लक्ष्य को मैन ऑफ मैच चुना गया।

मिशन एकेडमी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान असद के 54, साहिल यदुवंशी के 55, अरुण कुमार के 12 व विशाल गंगवार के 10 रनों की बदौलत विद्या वर्ल्ड की टीम को 146 रनों का लक्ष्य दिया।

विद्या वर्ल्ड की टीम ने लक्ष्य शर्मा की आतिशी पारी (53 गेंदों पर 13 चौके और 3 छक्कों की मदद से 98 रन) की बदौलत जीत हासिल की।

मुख्य अतिथि भोजीपुरा विधायक शहजिल इस्लाम, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना आदि ने खिलाड़ियों को पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर ट्रस्ट के एडवाइजर सुभाष मेहरा, डीन एकेडमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. एलएस मौर्या मौजूद रहे।

भोजीपुरा विधायक ने स्टेडियम में हाईमास्ट लाइटें लगवाने का वादा किया। अंपायर, स्कोरर व फीजियो आदि को सम्मानित किया गया। लक्ष्य को बेस्ट बैट्समैन व सुखप्रीत को बेस्ट बॉलर चुना गया। संवाद